ब्रांडेड घी की नकली फैक्ट्री, आगरा में यूरिया से बनने वाले घी की हर शहर में सप्लाई, छापा पड़ा तो...

उत्तर प्रदेश के आगरा में पतंजलि, अमूल और पारस के नाम पर नकली देसी घी बनाने वाली फैक्ट्रियों का भंडाफोड़ हुआ है. ब्रांड के नाम पर नकली घी को उत्तर भारत के सभी बड़े शहरों में सप्लाई किया जा रहा था. घी को यूरिया और अन्य खतरनाक केमिकलों को मिलाकर तैयार किया जा रहा था. आरोपी 18 बड़े ब्रांड के स्टिकर लगाकर ये धांधली कर रहे थे.

पाम आयल और यूरिया वाला नकली घी इस नकली घी को उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड भेजा जा रहा था. नकली घी बनाने में एसेंस (खाद्य पदार्थ में इस्तेमाल होने वाली खुश्बू), पाम आयल और यूरिया जैसे हानिकारक पदार्थों को मिलाया जाता था. पुलिस ने छापा मारकर फैक्ट्री से लगभग 2500 किलो रॉ मेटेरियल और नकली घी बरामद किया है. पुलिस के साथ खाद्य विभाग की टीम भी मौके पर थी. फिलहाल टीम ने नकली घी के सैम्पलों को जांच के लिए भेज दिया है.

तीन फैक्ट्रियों में अलग-अलग काम दरअसल, 2 जनवरी के दिन पुलिस को सुचना मिली कि थाना ताजगंज इलाके में नकली घी बनाने की तीन अवैध फैक्ट्री संचालित हैं. सुचना पर एसीपी सदर विनायक भोसले, एसीपी ताज सुरक्षा अरीब अहमद और सर्विलांस टीम ने संयुक्त छापेमारी की. कार्रवाई के दौरान जानकारी हुई कि तीनों फैक्ट्री 'श्याम एग्रो' के नाम से रजिस्टर्ड हैं. यह फैक्ट्री ग्वालियर के नीरज अग्रवाल की बताई गईं हैं. पुलिस के मुताबिक आरोपी पहली फैक्ट्री में नकली घी बनाने का काम करते थे जबकि दूसरी फैक्ट्री में नकली घी का रॉ मेटेरियल रखा जाता था. तीसरी फैक्ट्री में बने हुआ नकली घी का स्टॉक रखा जाता था. यहां से अलग-अलग राज्यों के शहरों में घी की सप्लाई की जाती थी.

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/agra-raid-on-factory-making-fake-desi-ghee-in-the-name-of-18-big-brands-like-amul-paras-lcltm-rptc-2135155-2025-01-03